कर्नाटक सरकार

MATHEMATICS

(Revised)

गणित

5

पाचवी कक्ष

5th Standard

हिन्दी माध्यम

Hindi Medium

भाग – 2

PART - II

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

Karnataka Text Book Society (R.)
6th Cross, Malleshwaram,
Bengaluru - 560 003.

द्वितीय सेमीस्टर

विषय सूची

क्रमांक	अध्याय	पृष्ठ संख्या
1.	गुणन	1-7
2.	विभाजन	8-20
3.	मानसिक गणित	21-34
4.	दशमलव भिन्न	35-50
5.	धन	51-65
6.	वज़न और आयतन	66-81
7.	समय	82-93
8.	सममिति आकृतियाँ	94-104
9.	तीन मितिय आकृतियाँ	105-111
10.	नमूने	112-129
	उत्तर	130-134

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय - 1

गुणन

R2W8M4

इस अध्याय के अध्ययन के बाद आप इसके समर्थ बनते हैं ।

3 अंकों की दो सख्याओं का गुणन फल को पथा लगा सकेंगे।

4 अंकों की संख्या को 1 या 2 अंख की संख्या से गुणा करने को पता लगा सकेंगे।

5 अंकोकी संख्या को 1 अंख की संख्या से गुणा कर सकेंगे।

गुणन क्रिया से आधारित समस्याओं का हल कर सकेंगे।

हमें मालूम है कि 'गुणन' एक आधार भूत गणितीय प्रक्रिया है। गुणन पुनरावर्तित संकलन (जोडना) प्रक्रिया है। एक बार ही (साथ) आप दो संख्याओं का गुणन कर सकते हैं।

जिस संख्या को गुणा करना है उसे 'गुण्य' कहते हैं। एक दत्त संख्या को जो संख्या गुणा करता है उसे 'गुणक' कहते हैं। गुणन का परिणाम दो संख्याओं का 'गुणनफल' कहा जाता है।

गुण्य × गुणक = गुणनफल

गुणन के गुण

1. किसी संख्या और शून्य इनका गुणनफल हमेशा शुन्य ही है।
   उदाहरण : $12 \times 0 = 0, \quad 8 \times 0 = 0$
2. किसी संख्या और संख्या 1 - इन दोनों का गुणनफल स्वतः संख्या ही है।
   उदाहरण : $9 \times 1 = 9, \quad 6 \times 1 = 6$
3. गुण्य और गुणक - इन दोनों को परस्पर अदल बदल करने पर भी गुणनफल बदलता नहीं। उदाहरण : $4 \times 7 = 28, 7 \times 4 = 28.$

I. पुनरावर्तन अभ्यास :

1) 35×0
2) 164×1
3) 100×0
4) 1×235
5) $0 \times 1{,}001$
6) 1×55

NOT TO BE REPUBLISHED @KSEEB

II. इनका गुणनफल ज्ञात कीजिए :

1) 45×16 4) 18×42

2) 63×31 5) 83×17

3) 162×17 6) 234×22

III. निम्नोक्त समस्याओं का हल कीजिए :

1. एक पुस्तक का मूल्य ₹16 है। 12 पुस्तकों का मूल्य कितना होगा ?
2. एक विद्यार्थी का शाला शुल्क ₹ 38 है। 128 विद्यार्थियों का कुल शुल्क कितना होगा ?
3. 63 विद्यार्थी अपनी शाला शिक्षक के साथ एक दिन के भ्रमण करने गये। शिक्षक ने उनकी यात्रा तथा भोजन खर्च के लिए हर विद्यार्थी से ₹ 150 का संग्रह किया। संग्रहित कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।
4. 10 कि. ग्राम चावल थैलियों का मूल्य ₹ 285 है। 25 चावल थैलियों का मूल्य ज्ञात कीजिए।
5. शाला के प्रधानाध्यापक विविध स्पर्धाओं के लिए पारितोषक देने का निश्चय करते हैं। 16 विद्यार्थी-प्रथम परितोषक तथा 16 विद्यार्थी द्वितीयपारितोषक के योग्य बने। अगर प्रथम तथा द्वितीय पारितोषक क्रमशः ₹ 11 और ₹ 9 हैं तो, पारितोषक खरीदने के लिए प्रधानध्यापक को कुल कितने रुपये चाहिए।

तीन अंक संख्या का दूसरे तीन अंक संख्या से गुणनः

उदाहरण : 1

156 और 267 का गुणनफल ज्ञान कीजिए।

```
          2 6 7
        × 1 5 6
      -----------
पहली पंक्ति   1 6 0 2
पहली पंक्ति 1 3 3 5
पहली पंक्ति 2 6 7
      -----------
        4 1 6 5 2
```

गुणन संबंधी सोपान :

1. गुणा कीजिए : $267 \times 6 = 1,602$ गुणनफल को इकाई की जगह से बाईं ओर पहली पंक्ति में लिखिए।

NOT TO BE REPUBLISHED © MKTBS

2. गुणा कीजिए : $267 \times 5 = 1{,}335$ गुणनफल को दस की जगह से बायीं ओर दूसरी पंक्ति में लिखिए ।

3. गुणा कीजिए : $267 \times 1 = 267$ गुणनफल को सौ की जगह से बायी ओर तीसरी पंक्ति में लिखिए।

4. इन तीनों पंक्तियों के अंकों को जोडिए।

$267 \times 156 = 41{,}652$

उदाहरण 2

एक नोट बुक में 192 पन्ने हैं। 250 नोट बुक में कुल मिलाकर कितने पन्ने होंगे ?

नोट बुकों की संख्या = 250

हरेक नोट बुक के पन्नों की संख्या =192.

250 नोट बुकों के कुल पन्नों की संख्या

$= 250 \times 192$

$= 48{,}000$

```
  2 5 0
× 1 9 2
-------
  5 0 0
2 2 5 0
2 5 0
-------
4 8 0 0 0
```

$\therefore$ 250 नोट बुकों के कुल पन्नों की संख्या $= 250 \times 192 = 48{,}000$

चार अंक संख्या का एक या दो अंक संख्या से गुणन

उदाहरण 1

2,468 को 7 से गुणा कीजिए

सोपान 1

गुण्य	2 4 6	8	गुणा कीजिए : $8 \times 7 = 56$
गुणक	×	7	6 को इकाई की जगह में लिखिए
गुणनफल		6	और दस के स्थान में 5 हासिल कीजिए।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सोपान 2

$$\begin{array}{r} \overset{5}{} \\ 2\ 4\ \boxed{6}\ 8 \\ \times\quad\ \boxed{7} \\ \hline 7\ 6 \\ \hline \end{array}$$

गुणा कीजिए : $6 \times 7 = 42$
गुणनफल के साथ 5 जोडिए अर्थात् 5+42= 47
7 को दस के स्थान मे लिखिए और 4 को सौ के स्थान में लिखिए।

सोपान 3

$$\begin{array}{r} \overset{4}{} \\ 2\ \boxed{4}\ 6\ 8 \\ \times\quad\ \boxed{7} \\ \hline 2\ 7\ 6 \\ \hline \end{array}$$

गुणा कीजिए : $4 \times 7 = 28$
गुणनफल के साथ 4 जोडिए अर्थात् 4+28 =32
सौ के स्थान में 2 लिखिए और हजार के स्थान 3 हासिल किजिए।

सोपान 4

$$\begin{array}{r} \overset{3}{} \\ \boxed{2}\ 4\ 6\ 8 \\ \times\quad\ \boxed{7} \\ \hline 1\ 7\ 2\ 7\ 6 \\ \hline \end{array}$$

गुणा कीजिए : $2 \times 7 = 14$
गुणनफल के साथ 3 जोडिए अर्थात् 3+ 14 =17
17 को अंतिम अंक के जैसे लिखिए।

2,468 और 7 का गुणनफल = 17,276

उदाहरण 2

1,376 और 34 का गुणनफल ज्ञात कीजिए

गुणन संबंधी सोपान

$$\begin{array}{rr} & 1\ 3\ 7\ 6 \\ & \times\quad 3\ 4 \\ \hline \text{पहली पंक्ति} & 5\ 5\ 0\ 4 \\ \text{दूसरी पंक्ति} & 4\ 1\ 2\ 8 \\ \hline & 4\ 6,7\ 8\ 4 \\ \hline \end{array}$$

1. गुणा कीजिए : $1,376 \times 4 = 5,504$ पहली पंक्ति मे इकाई स्थान से बांई ओर गुणनफल लिखिए।
2. $1,376 \times 3 = 4,128$ गुणा करे तो = 4 गुणनफल को दसवें स्थान से प्रारंभ करके बायीं ओर लिखिए।
3. उपरोक्त दो पंक्तियों के अंकों को जोडिए

$\therefore\ 1,376 \times 34 = 46,784$

NOT TO BE REPUBLISHED ©KTBS

उदाहरण 3

एक पोषाक कारखाने में प्रति दिन 2,718 पोषाकों का उत्पादन करता है। 23 कार्यनिरत दिनों में उत्पादित होनेवाले पोषाकों की संख्या ज्ञात कीजिए।

एक दिन में उत्पादित पोषाकों की संख्या = 2,718

कार्यकारी दिनों की संख्या = 23

$$\begin{array}{r} 2\ 7\ 1\ 8 \\ \times\quad 2\ 3 \\ \hline 8\ 1\ 5\ 4 \\ 5\ 4\ 3\ 6\quad \\ \hline 6\ 2\ 5\ 1\ 4 \\ \hline \end{array}$$

∴ 23 कार्यनिरत दिनों में उत्पादित होनेवाले पोषाकों की संख्या = 62,514.

1 अंक संख्या से 5 अंक संख्या का गुणन

उदाहरण 1

10,843 को 8 से गुणा कीजिए।

गुण्य	1 0 8 4 3	गुणा कीजिए
गुणज	× 8	10,843 × 8 = 86,744
	8 6,7 4 4	गुणनफल को पहली पंक्ति में इकाई जगह से बायीं ओर लिखिए।
		∴ 10,843 × 8 = 86,744.

उदाहरण 2

21,807 को 4 से गुणा कीजिए।

2 1 8 07	गुणा कीजिए
× 4	21,807 × 4 = 87,228
8 7, 2 2 8	पहली पंक्ति में इकाई स्थान से बांई ओर को गुणनफल लिखिए।
	∴ 21,807 × 4 = 87,228

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास 1.1

I. गुणा कीजिए :

1) 146×173 2) 178×142 3) 163×134

4) 183×208 5) 150×107 6) 248×212

7) 316×100 8) 100×523

II. गुणा कीजिए :

1) $2,861 \times 9$ 2) $3,947 \times 7$ 3) $7,254 \times 6$

4) $6,041 \times 5$ 5) $8,028 \times 8$ 6) $4,395 \times 9$

III. गुणा कीजिए :

1) $9,025 \times 10$ 2) $2,549 \times 20$

3) $3,746 \times 23$ 4) $4,756 \times 19$

5) $2,439 \times 31$ 6) $1,258 \times 13$

7) $1,028 \times 37$ 8) $2,375 \times 16$

IV. गुणा कीजिए :

1) $21,497 \times 3$ 2) $15,746 \times 5$

3) $11,048 \times 7$ 4) $10,039 \times 9$

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

V. निम्नोक्त समस्याओं का हल कीजिए :

1) श्री सिद्दप्पा फल बेचने का एजेंट है जो नारंगी निर्यात् करता है। एक पेटी में 144 नारंगियाँ हैं। अगर वह 259 नारंगी की पेटियों को निर्यात् करता है तो, निर्यात् किये गये कुल नारंगियों की संख्या बताइए।

2) अरण्य के एक रक्षित प्रदेश में एक क्षैतिज पंक्ति में 160 पेड हैं तथा एक स्तंभ पंक्ति में 108 पेड उगाये गये हैं। अरण्य में उगाये गये पेडों की संख्या कितनी है ?

3) एक व्यापारी 27 साइकिलों को अपने दूकान के लिए खरीदता है। हर एक साइकिल का मूल्य ₹ 2,067 है। तो व्यापारी से दी गयी कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।

4) एक किसान 23 क्विंटाल गेहूँ की उपज प्राप्त करता है। एक क्विंटाल के लिए ₹ 1,935 के दर में बेचता है तो, गेहूँ बेचने से प्राप्त धनराशि ज्ञात कीजिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय - 2

भाग करना (विभाजन)

U2U3Y1


इस अध्याय के अध्ययन के बाद आप इसके समर्थ बनते है ।

- संख्याओं को मानक भाग करने के एलगो रिथम (कलनविधि) विधि - भाग कर सकते हैं।
- पाँच अंक संख्या को दूसरे 1, 2, 3 या 4 अंक संख्या से मानक भाग करने के एलगोरिथम (कलनविधि) विधान से भाग कर सकते हैं।
- संख्याओं के भाग करने के आधार पर शाब्दिक समस्याओं का हल निकाल सकते हैं।

पिछली कक्षा में हमने सीखा है कि सम संख्याओं में समूहित करने और पुनरावर्तित व्यवकलन करने के विधान से भाग करना सीखा है। अब हम मानक विभाजन एलगोरिथम विधान सीखेंगे।

निम्नोक्त उदाहरणों का अवलोकन कीजिए :-

1) समूह करके भाग करना



जब 32 गेंदों को हरेक मे 4 के जैसे 8 समूह होते हैं।

$\therefore 32 \div 4 = 8$

2) पुनरावर्तित व्यवकलन द्वारा भाग करना

32 - 4 = 28	20 - 4 = 16	8 - 4 = 4
28 - 4 = 24	16 - 4 = 12	4 - 4 = 0
24 - 4 = 20	12 - 4 = 8	

8 बार व्यवकलन किया है $32 \div 4 = 8$

$\therefore 32 \div 4 = 8$

NOT TO BE @KTBS REPUBLISHED

पुनरावर्तित अभ्यास

I. उदाहरण में जैसे दर्शाया गया है वैसे वस्तुएँ को वृत्त से अंकित कीजिए:

उदाहरण :



$6 \div 3 = \boxed{2}$

अ)  $10 \div 5 = \square$

ब)  $20 \div 4 = \square$

स)  $15 \div 3 = \square$

द)  $9 \div 3 = \square$

II. पुनरावर्तित व्यवकलन विधान से भाग कीजिए

अ) $12 \div 4$

ब) $25 \div 5$

स) $42 \div 7$

द) $30 \div 10$

ए) $75 \div 15$

अब हम विभाजन प्रक्रम को अन्य प्रकारों से करना सीखे :-

विभाजन गुणन की विपरीत प्रक्रिया है :

$8 \times 4 = 32$ $\quad 32 \div 8 = 4$

$32 \div 4 = 8$

मान लीजिए आपको 84 को 4 से भाग लगाना है। उपरोक्त विधान अपनाने से बहुत समय भी लगेगा और कठिन भी होगा। भाग लगाने की प्रक्रिया में एक मानक विधान उपयोग करते हैं। आइए इस विधान को सीखें।

©KIRS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 1

4 से 84 का भाग कीजिए।

```
                2  1   ← भागफल
              ------
भाजक  → 4 ) 8  4   ← भाज्य
            8  ↓
            ----
            0  4
               4
            ----
               0   ← शेष
```

भाग करने से संबंधित सोपान :

1) उच्चतम अंकसंख्या से भाग करना प्रारंभ कीजिए यहाँ दसवें के स्थान में वह अंक 8 है।

2) $4 \times 2 = 8$. 2 को भागफल के स्थान पर लिखिए। और 8 को बायीं ओर से भाज्य का पहला अंक।

3) घटाइए : $8 - 8 = 0$. शेष 0 लिखिए।

4) 4 को नीचे लाइए। $4 \times 1 = 4$. 1 को भागफल के स्थान पर लिखिए और 4 को 4 के नीचे लिखिए।

5) घटाइए : $4 - 4 = 0$. शेष 0 को लिखिए।

भाग करने का यह विधान मानक भाग करने का एलगोरिथम विधान है।

उदाहरण 2

49 को 2 से मानक भाग करने के एलगोरिथम विधान से भाग कीजिए :

```
                2  4   ←  भागफल
              ------
भाजक  → 2 ) 4  9   ←  भाज्य
            4  ↓
            ----
            0  9
            0  8
            ----
               1   ← शेष
```

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

एलगोरिथम विधान संबंधी सोपान :

1) भाज्य के उच्च स्थान में स्थित अंक से विभाजन करना (भाग करना) प्रारंभ कीजिए। यहाँ दशम स्थान के 4 से प्रारंभ किया है।

2) $2 \times 2 = 4$. 2को भागफल के स्थान पर लिखिए और 4 की भाज्य की बायी ओरसे पहले अंक के नीचे

3) घटाइए : $4 - 4 = 0$. शेष 0 को लिखिए।

4) 9 को नीचे लाइए। $2 \times 4 = 8$ भागफल 4 को भागफल के स्थान पर लिखिए और 4 को 4 के नीचे लिखिए।

5) घटाइए : $9 - 8 = 1$. शेष 1 को लिखिए।

दसवों स्थान का ही पहले क्यों विभाजन करना है ?

42 को 3 से भाग करेंगे।

$$
\begin{aligned}
& 42 \div 3 \\
= \; & (40 + 2) \div 3 \\
= \; & (30 + 12) \div 3 \\
= \; & (30 \div 3) + (12 \div 3) \\
= \; & 10 + 4 \\
= \; & 14
\end{aligned}
$$

उदाहरण 3

श्रीनीवास के पास 32 टुकडों का एक चाकोलेट बार है। अपने 8 मित्रों में उसे बाँटना चाहता है। हरेक मित्र को कितने टुकडे मिलते हैं ?

चाकोलेट बार में स्थित कुल टुकडे = 32 (भाज्य) मित्रों की संख्याएँ = 8 (भाजक)

अब 32 को 8 से भाग कीजिए ताकि हरेक को कितने चाकोलेट के टुकडे मिलते हैं ज्ञात कीजिए।

भागफल ही उत्तर देता है।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

$$
\begin{array}{rl}
 & 4 \quad \leftarrow \text{भागफल} \\
\text{भाजक} \rightarrow & 8\overline{)32} \quad \leftarrow \text{भाज्य} \\
 & \underline{32} \\
 & 00 \quad \leftarrow \text{शेष}
\end{array}
$$

1) 3 तो 8 से कम है। अतः बायी ओर से दो अंक लीजिए।

2) $8 \times 4 = 32$. 4को भागफल के स्थान में लिखिए और 32 को भाज्य के नीचे लिखिए।1

3) घटाइए : $32 - 32 = 0$. शेष में 0 लिखिए ।

∴ हरेक मित्र को चाकोलेट के 4 टुकडे मिलते हैं।

निम्नोक्त सारणी का अवलोकन कीजिए :

क्रम संख्या	**भाज्य**	**भाजक**	**भागफल**	**शेष**	**भाजक भागफल शेष (भाजक × भागफल) + शेष**
1	16	3	5	1	$3 \times 5 + 1 = 15 + 1 = 16$
2	26	4	6	2	$4 \times 6 + 2 = 24 + 2 = 26$
3	40	5	8	0	$5 \times 8 + 0 = 40 + 0 = 40$
4	75	7	10	5	$7 \times 10 + 5 = 70 + 5 = 75$

अंतिम स्तंभ में प्राप्त मूल्य दूसरे स्तंभ में दिये गये भाज्य के बराबर है।

उपरोक्त सारिणी से हम निष्कर्ष कर सकते हैं कि

भाजक × भगफल + शेष = भाज्य

∴ **भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेष**

यह मानक सूत्र है।

इस सूत्र के उपयोग से सत्यापन कीजिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 4

मानक विभाजन एलगोरिथम के उपयोग से 125 को 5 से विभाजित कीजिए।

```
        2  5
    5) 1  2  5
       1  0  ↓
    ----------
       0  2  5
          2  5
       ------
          0  0
```

विभाजन से संबंधित सोपान

1) 5 से 1 कम है। इसलिए बायीं ओर से 2 संख्याओं को लीजिए अर्थात 12.

2) $5 \times 2 = 10$. भागफल की जगह 2 लिखिए और भाज्य के नीचे 10 लिखिए।

3) घटाइए : $12 - 10 = 2$ शेष 2 को लिखिए।

4) 5 को नीचे लाइए। संख्या 25 बनता है। $5 \times 5 = 25$. 5 को भागफल में और 25 को 25 के नीचे लिखिए।

5) घटाइए $25 - 25 = 0$. शेष मे 0 लिखिए।

परीक्षण

भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेष

125 = (5 × 25) + 0

125 = 125 + 0

125 = 125

उदाहरण 5

218 को 2 से विभाजित कीजिए।

```
        1  0  9
    2) 2  1  8
       2  ↓  |
    ----------
       0  1  |
          0  ↓
       ------
          1  8
          1  8
       ------
          0  0
```

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

विभाजन संबंधित सोपान :-

1) $2 \times 1 = 2$. भागफल में 1 लिखो और 2 को भाज्य में लिखिए

2) घटाइए : $2 - 2 = 0$.

3) 1 को नीचे लाइए। संख्या 1 बन जाती है। $2 \times 1 = 2$. 2 तो 1 से बडा है। $2 \times 1 = 2$. शून्य तो 1 से कम है। भागफल में 0 लिखिए और 0 को 1 के नीचे लिखिए।

4) घटाइए : $1 - 0 = 1$. शेष 1 को लिखिए ।

5) 8 को नीचे लाइए। संख्या 8 बन जाती है। $2 \times 9 = 18$. भागफल की जगह में 9 लिखिए और 18 को 18 के नीचे लिखिए।

6) घटाइए : $18 - 18 = 0$ शेष में 0 लिखिए।

परीक्षण

भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेष

218 = (2 × 109) + 0

218 = 218 + 0

218 = 218

उदाहरण 6

मानक विभजन एलगोरिथम विधान में 185 को 12 से विभाजित कीजिए।

```
      1 5
   ------
12) 1 8 5
    1 2  ↓
   -----
    0 6 5
      6 0
     ---
      0 5
```

परीक्षण

भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेष

185 = (12 × 15) + 5

185 = 180 + 5

185 = 185

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 7

15 से 648 विभाजित कीजिए।

```
      4  3
   ---------
15) 6  4  8
      6  0   ↓
   ---------
      0  4  8
         4  5
      ------
         0  3
```

परीक्षण

भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेष

648 = (15 × 43) + 3

648 = 645 + 3

648 = 648

उदाहरण 8

17 विद्यार्थियों के लिए एक दिन के प्रवास के लिए कुल खर्चा ₹ 7,225 हर एक विद्यार्थी को कितना देना पडेगा ?

प्रवास के लिए गये विद्यार्थियों की संख्या = 17

एक दिन के प्रवास का खर्चा = 7,225

∴ हरेक विद्यार्थी का खर्चा = ₹ 7,225 ÷ 17

= ₹ 425

```
      4  2  5
   ------------
17) 7  2  2  5
      6  8   ↓  |
   ------------  |
      0  4  2    |
         3  4    ↓
      ---------
         0  8  5
            8  5
         ------
            0  0
```

∴ हरेक विद्यार्थी को ₹ 425 देना पडेगा।

परीक्षण

भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेष

7,225 = (17 × 425) + 0

7,225 = 7,225 + 0

7,225 = 7,225

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 9

अनिता 1,123 मिठाइयों को 25 सहेलियों मे. बाँटने लायी। वितरण करने के बाद अनिता के पास कितनी मिठाइयाँ बचीं ?

अनिता से लायी गयी मिठाइयों की संख्या = 1,123

सहेलियों की संख्या = 25

हरेक को मिलनेवाली मिठाइयों की संख्या = 1123 ÷ 25

हरेक को 44 मिठाइयाँ मिलती हैं।

∴ अनिता के पास 23 मिठाइयाँ बची रहती हैं।

```
      4  4
   ------------
25) 1  1  2  3
   1  0  0  ↓
   ---------
   0  1  2  3
      1  0  0
      -------
      0  2  3
```

विभाजन के सोपान

1) 25 से 11 कम है। इसलिए बायी ओर से तीन संख्याओं को लीजिए - अर्थात् 112

2) $25 \times 4 = 100$. 4 को भागफल की जगह लिखिए और 100 को भाज्य के नीचे लिखिए।

3) घटाइए : 112 - 100 = 12. शेष 12 लिखिए।

4) 3 को नीचे लाइए। अब संख्या 123 बन जाती है। $25 \times 4 = 100$. 4 को भागफल में लिखिए और 100 को 123 के नीचे लिखिए।

5) घटाइए : 123 - 100 = 23 अब शेष 23 लिखिए।

परीक्षण

भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेष

1,123 = (25 × 44) + 23

1,123 = 1,100 + 23

1,123 = 1,123

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 10

56,083 को 11 से विभाजित कीजिए।

```
      5  0  9  8
   ---------------
11) 5  6  0  8  3
    5  5  ↓
   ---------
    0  1  0
       0  0  ↓
      -------
       1  0  8
          9  9  ↓
         -------
          0  9  3
             8  8
            -----
                5
            -----
```

परीक्षण

भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेष

56,083 = (11 × 5,098) + 5

56,083 = 56,078 + 5

56,083 = 56,083

उदाहरण 12

2 से 10,005 का विभाजन कीजिए।

```
      5  0  0  2
   ---------------
 2) 1  0  0  0  5
    1  0  ↓
   ---------
    0  0  0  ↓
          0
         ---
          0  0
             0  ↓
            -----
             0  5
                4
               ---
                1
               ---
```

परीक्षण

भाज्य = (भाजक × भागफल) + शेष

10,005 = (2 × 5,002) + 1

10,005 = 10,004 + 1

10,005 = 10,005

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास 2.1

I. भागफल और शेष ज्ञात कीजिए :

1) $48 \div 6$

2) $36 \div 3$

3) $55 \div 4$

4) $72 \div 7$

II. भागफल और शेष ज्ञात कीजिए :

1) $232 \div 4$

2) $474 \div 6$

3) $255 \div 11$

4) $527 \div 12$

III. भागफल और शेष ज्ञात कीजिए :

1) $1{,}653 \div 8$

2) $1{,}325 \div 2$

3) $1{,}435 \div 15$

4) $2{,}647 \div 13$

IV. भागफल और शेष ज्ञात कीजिए :

1) $24{,}658 \div 2$

2) $14{,}005 \div 7$

3) $32{,}745 \div 0$

4) $12{,}056 \div 12$

V. निम्नोक्त समस्याओं का हल कीजिए :

1) एक दर्जी के पास 18 मीटर कपडा है। उस कपडे से वह 9 शर्टों को सी सकता है। एक शर्ट के लिए अवश्यक कपडे की लंबाई ज्ञात कीजिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

2) 5 लीटर पेट्रोल से एक बैक (मोटार साईकल) 240 कि.मी दौडता है तो एक लीटर पेट्रोल से कितने किलो मीटर दौड सकता है ?

3) श्री श्रीधर ने 11 गुडिया - ₹ 946 देकर दूकान से खरीदा तो हरेक गुडिये का दाम ज्ञात कीजिए।

4) एक व्यक्ति का वार्षिक आय ₹ 90,912 उसके मासिक आय ज्ञात कीजिए।

गुणन तथा विभाजन दोनों से संबंधित समस्याएँ :

उदाहरण 1

एक चारिटबल ट्रस्ट ने 175 दानियों से, हरेक से ₹ 125 के हिसाब से संग्रहित किया अगर ट्रस्ट इस धनराशि को 7 शालाओं में वितरित करने का निश्चय करता है तो हरेक शाला को कितनी धनराशि प्राप्त होती है ?

दानियों की संख्या = 175.

हरेक दानी से संग्रह कियेगये धनराशि = ₹ 125.

∴ कुल संग्रहित धनराशि = 175×125

= ₹ 21,875

धनराशि वितरित शालाओं की संख्या = 7

हरेक शाला को प्राप्त धनराशि = $21,875 \div 7$

∴ हरेक शाला को प्राप्तधनराशि = ₹ 3,125

यदि ₹ 21,875 को 7 शालाओं में वितरित करते हैं तो प्रत्येक शाला को ₹ 3,125 प्राप्त होते हैं।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

उदाहरण 2

एक गाँव के पास सरकारी भूमि मे अरण्य विभाग 96 कतारों में 80 स्तंभों में 96 पौधों को उगाता है। अगर 12 ग्रामीण लोग इन वृक्षों की देखरेख करते हैं तो हरेक ग्रमीण को कितने पौधे प्राप्त होंगे ?

सरकारी भूमि में उगाये गये पौधों की संख्या = 96×80

= 7,680 पौधे

= $7,680 \div 12$

देख रेख करने हरेक व्यक्ति को मिलनेवाले पौधों की संख्या = 640 पौधे

∴ देख रेख करने हरेक व्यक्ति को मिलनेवाले पौधों की संख्या = 640 पौधे

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास 2.2

I. हल कीजिए :

1) एक संतरे के बगिचे में 82 संतरे के पेड हैं। एक किसान हरेक पेड से 60 संतरे मिलते है और उनको पेटियों में 12 संतरे के जैसे पैक करता है। तो अवश्यक पेटियों की संख्या ज्ञात कीजिए।

2) एक दिन के भ्रमणार्थ 15 शाला के बच्चे रु 9 कि.मी के जैसे एक कैब को किराया में लेते हैं। अगर उन्होंने 325 कि.मी. दूरी तय की तो हरेक को कितना धनराशि देना पडेगा ज्ञात कीजिए।

3) अनिता के पास रोज़ 8 लीटर दूध देनेवाली गाय है। 1 लीटर दूध को बेचने का दाम ₹ 18 है। अपने 4 पुत्रों में वह 1 मास (30 दिन) में कमाये गये धन को चार पुत्रों में बाँटना है। हरेक पुत्र को कितनी धनराशि प्राप्त होगा ?

अध्याय - 3

मानसिक गणित

U4X6C7

इस अध्याय के अध्ययन के बाद आप इसके समर्थ बनते है ।

आकलन (Estimation.) प्रक्रिया का विवरण दे सकते हैं।

सन्निकटन (Approximation.) प्रक्रिया का विवरण दे सकते हैं।

दो 5 अंक संख्याओं के योग को समीपतम हज़ारों के स्थान तक आकलन कर सकते हैं।

दो 5 अंक संख्याओं के अंतर को समीपतम हज़ारों के स्थान तक आकलन कर सकते हैं।

दो संख्याओं के गुणनफल को समीपतम हज़ारों के स्थान तक आकलन कर सकते हैं।

दो संख्याओं के भागफल का आकलन कर सकते हैं।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आकलन और सन्निकटन

दो समाचार पत्रों में छपी समाचार के टुकडों को यहाँ दिया गया हैं। इन्हे पढिए :

1. 4,700 विद्यार्थी उच्च प्राइमरी शाला में व्यवस्थित विज्ञान प्रदर्शनी को देख कर आये।

2. कर्नाटक में भारी प्रवाह के कारण, 3,500 लोग मरगये, 20,000 से अधिक लोग लापता हो गये और 80,000 से भी अधिक लोग बेघर (homeless) हो गये।

क्या हम बता सकते हैं कि इन समाचारों में बतायी गई लोगों की संख्या यथावत् है ? (ठीक - ठीक) है ? उदाहरण 1 में क्या ठीक 4,700 बच्चे प्रदर्शनी देखकर आये ? उदाहरण 2 में क्या ठीक 80,000 लोग निराश्रित हो गये थे ?

वह यथावत् वही संख्या नहीं रही होगी। बच्चों की संख्या 4,687 या 4,762 रही होगी और प्रवाह के कारण बेघर लोगों की संख्या 76,839 या 84,372 रही होगी।

ये उदाहरण बताते हैं कि लोगों की संख्या लगभग उसके समान रहने पर भी यथावत् संख्याएँ नहीं हैं। वही सन्निकटन संख्या है। सन्निकट संख्या को अन्दाज से परिकलन कर सकते हैं। यह सन्मिकट परिकलन ही सन्निकटन है।

कार्यकलाप :

ऐसे संदर्भों के बारे में सोचिए जहाँ हमें ठीक संख्या की ही अवशयकता रहती है और उन्हे ऐसे संदर्भो के साथ तुलना करना पडता है जहाँ केवल सन्निकटन के आकलित संख्या रहेगी। उनकी सूची बनाइए।

संख्याओं पर मूलभूत प्रक्रियाओं को करते समय हम उनके योग, अन्तर, गणनफल तथा भागफल का अकलन करते हैं। उदाहरण के लिए 458 और 540 का योग सान्निकटतया 1,000 - के जैसे आकलित किया जाता है।

अब हम देखें कि आकलन कैसे करें और उत्तर का कैसे परीक्षण

दत्त संख्या का समीपतम दस स्थान के लिए आकलन करनाः

मुकुन्द और गौरी ने 43 और 48 का योग निम्नरीति से ज्ञात किया।

मुकुन्द ने इकाई स्थान के अंको को 3 + 8 को समीपस्थ एक दस मे परिकलन किया।

बाद में उसने दस के स्थान के अंकों को 1 दस + 4 दस + 4 दस = 9 दस अर्थात् 90 है।

गौरी ने 4 दस + 5 दस के जैसे उत्तर किया

= 40 + 50

= 90


दोनों 3 उत्तर सही हैं। अब हम जानलें कि गौरी ने किस प्रकार उत्तर दिया।

43 और 48 संख्याएँ 10 के कौन से गुणज के बीच हैं ?

43 तो 40 और 50 के बीच है। 48 भी 40 और 50 के बीच है।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

निम्नोक्त संख्या रेखा का अवलोकन कीजिए :-



40 और 50 के साथ 43 के स्थान की तुलना कीजिए।

43 तो 3 इकाई से 40 के समीप और 50 को 7 इकाई से समीप है। इसलिए 43 को सन्निकटतया 40 के समान ही माना जाता है। इसलिए 43 को समीपतम दसवें के स्थान में पूर्णांक कर दें तो, 40 मिलता है।

40 और 80 के साथ 48 के स्थान की तुलना कीजिए।

48 तो 50 के समीप है। केवल 2 इकाइयों से और 40 से 8 इकाइयों से 50 के समीप है। इसलिये **48 को 50 के सन्निकटन** - समान है, अतः 48 को समीपतम दस के स्थान को पूर्णांक कर दे तो 50 मिलता है।

इसलिए गौरी ने 40 और 50 को जोडकर सन्निकटन योग प्राप्त किया।

मुकुन्द ने 11 के एक को एक दस के सन्निकटन माना और फिर सभी दस जोड दिया है। उसे जोड 90 प्राप्त होता है।

एक संख्या को समीपतम दस के स्थान के लिए पूर्णांक कैसे करना है?

अगर अंक 1 के स्थान में है 1, 2, 3 या 4, इकाई अंक को 0 से पुनरस्थापित कीजिए। अगर अंक 1 के स्थान 5, 6, 7, 8 या 9 है तो इकाई अंक को 0 से पुनः स्थापित कीजिए और दसवें के स्थान में 1 जोडिए।

उदाहरण

583 को समीपतम दस के स्थान को पूर्णांक कीजिए

शून्य से पुनः स्थापित

समीपतम 10 के स्थान में पूर्णांक

583 → 580


10 वे, के स्थान को अपरिवर्तित रखिए

इसलिए जब 583 को समीपतम 10 के स्थान कोपूर्णांक करें तो वह 580 होता है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 2

2,837 को समीपतम 10 के स्थान को पूर्णांक कीजिए।




इसलिए जब 2,837 दस के स्थान में पूर्णांक किया तो 2,840

दत्त संख्या को समीप तम 100 के स्थान में आकलित करना

प्रदीप 368 को समीपतम 100 के स्थान में पूर्णांक करना चाहता है। 100 के कौन से गुणज में 368 है ?

368 तो 300 और 400 के बीच है।



368 के स्थान को 300 और 400 से तुलना कीजिए।

368 तो 400 से 32 इकाई और 300 से 68 इकाई से समीपतम है।इसलिए 368 **सन्निकटन 400 के समान ही है।** इसलिए 368 को समीपतम 100 के स्थान में पूर्णांक करें तो वह 400 देता है।


एक संख्या को समीपतम 100 के स्थान के लिए कैसे पूर्णांक करे :

अगर दस के स्थान में अंक है 1, 2, 3, या 4 तब दस और इकाई की जगह को 0 अंक से पुनः स्थापित कीजिए। अगर अंक10 के स्थान में 5, 6, 7, 8 या 9 तब दस, इकाई की जगह को 0 से पुनःस्थापित कीजिए और सौ की जगह 1 जोडकर रखिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 3


3,548 को समीपतम 100 की जगह पूर्णांक कीजिए।



इसलिए जब 3,548 को पूर्णांक करें तो (समीपतम 100 की जगह को) वह 3,500 होता है।

उदाहरण 4

5,764 को समीपतम 100 की जगह को पूर्णांक कीजिए :



इसलिए 5,764 को जब समीपतम 100 की जगह को पूर्णांक करे तो वह 5,800 होता है।


दत्त संख्या को समीपतम हज़ार की जगह को आकलन करना :

नफीसा 1,897 को समीपतम हजार की जगह में पूर्णांक करना चाहती है।

1,897 एक हजार के कौन से गुणजों के बीच है ?

1,000 और 2,000 के बीच 1,897 स्थित है ।

निम्नोक्त संख्यारेखा का अवलोकन कीजिए।



©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


1,897 के स्थान की 1000 और 2000 के साथ तुलना कीजिए।
1,897 तो 103 इकाइयों से 2000 के समीप है और 897 इकाइयों से 1000 के समीप है। इसलिए 1,897 को 2,000 के समान सन्निकटन माना जाता है। इसलिए जब 1,897 को समीपतम हज़ार के स्थान पर पूर्णांक किया जाता है। तब वह 2,000 देता है।

एक संख्या को समीपतम हज़ार के स्थान पर पूर्णांक करना है ?

सौ के स्थान में अगर 1, 2, 3 या 4 है तो, सौ । दस और इकाई की जगहों को अंक '0' से प्रतिस्थपित कीजिए। अगर सौ के स्थान में 5, 6, 7, 8 या 9 हो तो, सौ, दस, इकाइयों की जगहों को '0' से प्रतिस्थापित करके हज़ार के स्थान पर 1 जोडिए।

उदाहरण 5


25,346 को समीपतम हज़ार की जगह पूर्णांक कर दीजिए :



इसलिए जब 25,346 को समीपतम हज़ार के स्थान पर पूर्णांक करे तो वह 25,000 देता है।

उदाहरण 6

35,756 को समीपतम हज़ार के स्थान की जगह पूर्णांक कीजिए




इसलिए जब 35,756 को समीपतम हज़ार के स्थान पर पूर्णांक करे तो वह 36,000 देता है।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

दत्त संख्या को समीपतम हजार के स्थान को आकलन करना :

रीना 16,382 को समीपतम 10 हजार की जगह पूर्णांक करना चाहती है। 10,000 के कौन से गुणजों के बीज 16,382 स्थित है ?
16,382 तो 10,000 और 20,000 के बीच स्थित है।

निम्न संख्या रेखा का अवलोकन कीजिए :-




10,000 और 20,000 के साथ 16,382 के स्थान की तुलना कीजिए।

16,382 तो 20,000 से 3,682 इकाई समीप है और 10,000 से 6,382 इकाइयों से समीप है। इसलिए 16,382 को 20,000 के समान सन्निकटन मान जाता है। इसलिए 16,382 को समीपतम दस हजार के स्थानपर पूर्णांक करे तो वह 20,000 देता है ।

एक संख्या को समीपतम दस हजार के स्थान को कैसे पूर्णांक करें।
अगर हजार के स्थान में 1, 2, 3 या 4 अंक हो तो हजार, सौ, दस और इकाई स्थान को अ '0' से प्रतिस्थापित कीजिए। अगर हज़ार के स्थान अंक 5, 6, 7, 8 या 9 होतो हज़ार, सौ, इकाई स्थान को अंक '0' से प्रतिस्थापित करके दस हजार के स्थान '1' को जोडिए।

उदाहरण 7

12,564 को समीपतम दस हजार के स्थान पूर्णांक कीजिए।




इसलिए 12,654 को समीपतम हजार के स्थान पूर्णांक करें तो 10,000 देता है।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

उदाहरण 8

25,748 को समीपतम दस हजार के स्थान पूर्णांक कीजिए।



इसलिए 25,748 को समीपतम हजार के स्थान पूर्णांक करें तो 30,000 देता है।

याद रखिए :

अवश्यक जगह पर एक संख्या को पूर्णांक करते समय अंक को उसकी दायी ओर रहे और बाद में,

अगर वह **5 से कम है** तो संख्या वही रहे, अवश्यक जगह में ही रहे जहाँ पूर्णांक करना है।

अगर वह 5 से अधिक है या 5 के बराबर ही है तो अवश्यक स्थान के अंक को अगले उच्च अंक में बढाकर लिखिए।

योग को आकलित करना तथा अंतर को आकलित करना

योग तथा अंतर का आकलन करना :

उदाहरण 1

2,462 और 3,487 के योग को समीपतम दस की जगह आकलित कीजिए :

2,462 को समीपतम 10 की जगह पूर्णांक किया है		2,460
3,487 को समीपतम 10 की जगह पूर्णांक किया	+	3,490
आकलित योग		5,950
नैज योग कराके परीक्षण		2,462
	+	3,487
आकलित योग नैज योग के करीबन समान है		5,949

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 2

8,743 और 7,275 के योग को समीपतम दस की जगह आकलित कीजिए :

8,743 को समीपतम सौ के लिए पूर्णांक किया है		8,700
7,275 को समीपतम सौ के लिए पूर्णांक किया है	+	7,300
आकलित योग		16,000
नैज योग से परीक्षण		8,743
	+	7,275
		16,018

∴ आकलित योग नैज योग के करीबन समान है।

उदाहरण 3

24,316 और 34,861 के योग को समीपतम हजार के स्थान के लिए आकलित कीजिए :

24,316 को समीपतम हजार के स्थान के लिए पूर्णांक किया है		24,000
34,861 को समीपतम हजार के स्थान के लिए पूर्णांक किया है	+	35,000
आकलित योग		59,000
नैज योग से परीक्षण		24,316
	+	34,861
		59,177

∴ आकलित योग नैज योग के करीबन समान है।

उदाहरण 4

38,527 और 32,596 के योग को समीपतम हजार के स्थान के लिए आकलित कीजिए :

38,527 को समीपतम 10 हजार के लिए पूर्णांक किया है तो		40,000
32,596 को समीपतम 10 हजार के लिए पूर्णांक किया है तो	+	30,000

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

आकलित योग		70,000
नैज योग से परीक्षण		38,527
	+	32,596
		71,123

इसलिए आकलित योग नैज योग के करीबन समान है।

गुणनफल के आकलन

उदाहरण 1

1,249 और 48 के गुणनफल को उसके उच्चतम स्थान के लिए आकलित कीजिए।

1,249 को उसके समीपतम हज़ारों के लिए पूर्णांक करें तो		1,000
48 को समीपतम दस के लिए पूर्णांक करें तो	×	50
आकलित गुणनफल		50,000
नैज गुणन से परीक्षण		1,249
	×	48
		59,952

आकलित गुणनफल नैज गुणनफल से कम है।

उदाहरण 2

19,426 और 4 के गुणनफल को उसके उच्चतम स्थान के लिए आकलित कीजिए।

19,426 उसके समीपतम दस हज़ारों के लिए पूर्णांक करें तो		20,000
	×	4
आकलित गुणनफल		80,000
नैज गुणन से परीक्षण		19,426
	×	4
		77,704

इसलिए आकलित गुणनफल नैज गुणनफल से अधिक है

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 3

एक थियेटर के मालिक ने थियेटर के शो (Show) के लिए सभी टिकटों को बेचना चाहा। थियेटर में 198 पंक्तियों के 88 आसन (Seat) हर एक शो के लिए हैं (हर एक पंक्ति में)

198 को समीपतम सौ के स्थान के लिएपूर्णांक करें तो		200
88 को समीपतम दस के स्थान के लिए पूर्णांक करें तो	×	90
आकलित टिकट शो के लिए जो अवश्यक है		18,000
नैज गुणन से परीक्षण		198
	×	99
		17,424

आकलित गुणनफल नैज गुणनफल की अपेक्षा अधिक है।

भागफल का आकलन करना :

उदाहरण 1

44,238 ÷ 95 को पूर्णांक करके भागफल को पूर्णांक कीजिए।

44,238 को समीपतम दस हजारों के लिए पूर्णांक करने पर	40,000
95 को समीपतम सौ के लिए पूर्णांक करने पर	100
आकलित भागफल = 40,000 ÷ 100	400

उदाहरण 2

8चाकोलेट पैकेट में 768 चाकोलेट हैं।हरेक पैकेट के चाकोलेट संख्या का आकलन कीजिए।

768 चाकोलेट को समीपतम सौ के लिए पूर्णांक करें तो	= 800
चाकोलेट पैकेटों की संख्या	= 8
हरेक पैकेट में आकलित चाकोलेटों की संख्या	= 800 ÷ 8
	= 100

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

आकलित चाकोलेट हरेक पैकेटमें= 100

नैज विभाजन (भागना) से परीक्षण

$$
\begin{array}{r}
\ 9\ 6 \\
8\overline{)\ 7\ 6\ 8} \\
\ 7\ 2 \\
\hline
\ 0\ 4\ 8 \\
\ \ 4\ 8 \\
\hline
\ 0\ 0
\end{array}
$$

∴ पैकेट में इसलिए चाकोलेटों की आंकलित संख्या = 96

सूचना : भागफल का अनुमान करते समय, भाजक और भाज्य को दत्त स्थान तक पूर्ण (round off) करके भाग लगाईए।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास 3.1

I. निम्नोक्त संख्याओं को समीपतम हज़ारों के स्थान के लिए पूर्णांक कीजिए:

1) 7,547

2) 3,469

3) 15,238

4) 32,658

II. निम्नोक्त संख्याओं को समीपतम दस हज़ारों के स्थान के लिए पूर्णांक ज्ञात कीजिए:

1) 26,674

2) 32,464

3) 46,379

4) 53,668

III. निम्नोक्त संख्याओं के योगफल को समीपतम हजारों के स्थान के लिए पूर्णांक कीजिए।

1) 42,125 + 35,637

2) 54,837 + 41,354

3) 33,231 + 20,097

4) 47,463 + 41,541

IV. निम्नोक्तों को समीपतम दस हज़ार के स्थान लिए करके योगफल का आकलन कीजिए।

1) 56,256 ÷ 24,872

2) 47,671 ÷ 28,745

3) 32,184 ÷ 45,138

4) 15,025 ÷ 40,165

V. निम्नोक्तों को समीपतम हजार के स्थान के लिए पूर्णांक करके अंतर का आकलन कीजिए।

1) 65,487 - 46,502

2) 45,630 - 32,148

3) 57,146 - 25,472

4) 60,046 - 15,247

VI. निम्नोक्तों को समीपतम दस हज़ार के स्थान के लिए पूर्णांक करके अंतर का आकलन कीजिए।

1) 51,689 - 34,685

2) 86,853 - 47,829

3) 80,808 - 55,055

4) 77,777 - 44,444

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

VII. निम्नोक्तों को समीपतम उच्चतम स्थान के लिए पूर्णांक करके गुणनफल का आकलन कीजिए।

1) 428×54

2) 878×46

3) $5,476 \times 11$

4) $2,645 \times 18$

VIII. निम्नोक्त हर एक को उसके उच्चतम स्थान को पूर्णांक करते हुए भागफल का आकलन कीजिए।

1) $398 \div 82$

2) $786 \div 22$

3) $3,265 \div 58$

4) $7,687 \div 43$

IX. निम्न प्रश्नों को हल कीजिए :

1) एक पोषक कंपनी 16,783 शर्ट और 12,438 पैंटों को एक महीने में सी लिया। सिलाये गये पोषकों की संख्या को समीपतम दस हज़ार के स्थान के लिए आकलित कीजिए।

2) एक समाचार पत्र का एजेन्ट 36,721 समाचार पत्रों को पहली महीने और 24,172 समाचार पत्रों को दूसरी महीने में बेचता है। दूसरी महीने में बेचे गये समाचार पत्रों को समीपतम 10 हज़ार के स्थान के लिए आकलित कीजिए।

3) एक रेल 1घंटे में 225 कि.मी तय कर सकता है। एक दिन में तय की गई दूरी को समीपतम उच्च स्थान के लिए आकलित कीजिए।

4) एक बढ़ई नवंबर में ₹ 18,364 और दिसंबर महीने मे ₹ 32,645 कमाया। दिसंबर में समीपतम दस हज़ार के स्थान के लिए उससे कमाये गये अधिक धन का आकलन कीजिए।

© DTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय - 4

दशमांश भिन्न

M8Y7F5

इस अध्याय के अध्ययन के बाद आप इसके समर्थ बनते है :

एक वस्तु की लंबाई को दशमांश भिन्न रुप में व्यक्त कर सकते हैं।

लंबाई को सेंटिमीटर में व्यक्त करने के लिए दशमांश भिन्न का उपयोग कर सकते हैं।

लंबाई को मीटरों में व्यक्त करने के लिए दशमांश भिन्न का उपयोग कर सकते हैं।

मूल्य को रुपयों में व्यक्त करने के लिए दशमांश भिन्न कर उपयोग कर सकते हैं।

एक दत्त भिन्न का दशमांश अंकन में व्यक्त कर सकते हैं।

एक दशमांश अंकन को भिन्न के रुप में व्यक्त कर सकते हैं।


पिछली कक्षा मे आपने दशमांश भिन्न जैसे 0.1, 0.2, ...यादि आदि के बारे में अध्ययन किया है। अब हम वस्तुओं के मूल्य तथा लंबाई को व्यक्त करने इन दशमांश भिन्नों को कैसे उपयोग करें इसका अध्ययन करें।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 1

नीचे दी गई आकृति का अवलोकन कीजिए :-

एक रुलर (ruler) की संहायता से किस प्रकार पेन्सिल की लंबाई को नापना है।



पेन्सिल की लंबाई कितनी है ?

वह 3 सेंटिमीटर से अधिक है, लेकिन 4 सेंटिमीटर से कम है।

नाप को पढिए.....

ऐसे नाप को कैसे पढ़ना है उसे सीखें जो पूर्ण संख्याएँ तो नहीं हैं।

अपके रुलर (ruler) का अवलोकन कीजिए :

उसके एक सेंटिमीटर में 10 समान भाग हैं।

इसलिए हर एक भाग एक सेंटिमीटर एक बटा दसवाँ भाग है।

हम एक सेंटिमीटर के एक बटा दसवाँ भाग जो है उसे 0.1 सेंटिमीटर में भी लिख सकते हैं।

हम उसे दशमलव एक सेंटिमीटर के जैसे पढते हैं या शून्य बिन्दु एक सेंटिमीटर के जैसे भी पढ सकते हैं।

अब पेन्सिल की सही लंबाई बताइए।

वह 3 सेंटिमीटर और एक सेंटिमीटर का आठ बटा दस है।


वह 3.8 सेंटिमीटर या 3.8 सें.मी है

सेंटिमीटर = सें. मी.

हम इसे तीन दशमलव आठ सेंटिमीटर कहते हैं।

उदाहरण 2

एरेज़र (eraser) की लंबाई नापकर बताइए।



एरेज़र की लंबाई कितनी है ?


वह दो सेंटिमीटर और 3 बटा दस सेंटिमीटर है।

हम उसे 2.3 से.मी. - के जैसे भी लिख सकते हैं।

2.3 एक दशमांश भिन्न या दशमांश सख्या है।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 3



ऊपर दर्शायी गयी रीति से कन्नन ने उसके दो खेतों में छोटी पौधो को उगाया है। हम कह सकते हैं कि उसने एक खेत को पूरा तथा दूसरे का 3 बटा 10 को दूसरे खेत में उगाया है।

भिन्न का उपयोग करके इसे हम $1\frac{3}{10}$ के जैसे लिख सकते हैं।

दशमलव का उपयोग करके हम उसे "1.3" के जैसे लिखते हैं।

अब हम देखें कि दसों को दशमलब में कैसे लिखा जाता है।

एक बटा दस $= \frac{1}{10} = 0.1$ उसे शून्य बिन्दु एक के जैसे पढिए

दो बटा दस $= \frac{2}{10} = 0.2$ उसे शून्य बिन्दु एक के जैसे पढिए।

दो और 6 बटा दस = 2.6 दो दशमलब (बिन्दु) छः है।

उपरोक्त उदाहरणों से हम निष्कर्ष कर सकते हैं कि

बिन्दु के (दशमलव) बायीं ओर के अंक पूर्ण भाग या संपूर्ण भाग हैं।

बिन्दु के (दशमलब) दायीं ओर के अंक दशमलव भाग या भिन्न भाग हैं।


दशमलव भाग एक से कम रहता है।

8.6 ; में, 8 संपूर्ण भाग है और 6 दशमलब भाग है।

13.7 मे ; 13 संपूर्ण भाग है 7 दशमलव भाग है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उदाहरण 4



रंगीन भाग को 2.4 के जैसे प्रस्तुत किया हैं।


संपूर्ण भाग ← 2 4 → दशमलव भाग

↓

दशमलव बिन्दु

उपरोक्त आकृति में हर भाग $\frac{1}{10}$ या 0.1 है।

अब हम देखें कि एक बटा दस को और दस समान भागों में विभजित कर सकते हैं।



100 समान भाग हैं। 100 भागों में एक को रंगीन बनाया है।

यहाँ हर एक भाग को एक बटा सौ या $\frac{1}{100}$ या 0.01 कहा जाता है।

एक सौ का दशमलव रुप 0.01 है।


NOT TO BE REPUBLISHED @KTRS

उदाहरण 5

एक मीटर माप की रिब्बन को नीचे दिया गया है।

अवलोकन करके बताइए कि उसे कितने समान भागों में विभाजित किया गया हैं।

100 समान भागों में विभाजित किया गया है।



इसलिए हर एक भाग एक मीटर का एक बटा सौ है।

$\frac{1}{100}$ मी इसे हम 0.01 मी के जैसे लिख सकते है

क्या आप अब बता सकते हैं कि पेन की लंबाई कितनी है ?

वह 0.08 मी अर्थात एक मीटर का आठ बट सौ है।

निम्नोक्त उदाहरणों का अवलोकन करके पढ़िए :

भिन्न	दशमांश भिन्न	ऐसे पढ़िए
1) $\frac{5}{100}$	0.05	शून्य दशमलव शुन्य पाँच
2) $\frac{13}{100}$	0.13	शुन्य दशमलव एक तीन
3) $35\frac{46}{100}$	35.46	पैंतीस दशमलव चार छः

दशमांश भिन्न पद्धति में एक अंक का स्थान मूल्य जैसे जैसे वह से दायी से बायीं ओर संचलन करता है तब 10 गुना बन जाता है। उसका स्थानमूल्य जैसे जैसे दायीं ओर से बायीं ओर 2 स्थानों से संचलन करता है तो 100 गुना बन जाता है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

निम्नलिखित तालिका में 4 का मूल्य कैसे बदलता है ध्यान दीजिए।

दस हज़ार	हज़ार	सौ	दस	इकाई	अंक का स्थान मूल्य
8	3	6	5	**4**	चार का स्थान मूल्य चार एक है। = 4×1=4.
6	8	5	**4**	3	चारका स्थान मूल्य 4 दस हैं। = 4×10=40.
3	6	**4**	8	5	चारका स्थान मूल 4 सो है। 4×100=400.
8	**4**	5	3	6	चार का स्थान मूल्य 4 हज़ार हैं। = 4×1000 = 4,000.
4	5	8	6	3	चार का स्थान मूल्य 4 दस हजार है = 4×10000 = 40,000.

निम्नोक्त स्थान मूल्य चार्ट का अवलोकन करें तथा देखें कि जब एक अंक बायी ओर से दायी उपेर बढ़ता है तो क्या होता है।

दस हज़ार	हज़ार	सौ	दस	इकाई	अंक का स्थान मूल्य
4	5	3	2	9	4 का स्थान मूल्य 40,000 है,
9	**4**	5	3	2	4 का स्थान मूल्य 4000 है 4,0000 ÷ 10.
2	3	**4**	5	9	4 का स्थान मूल्य 400 है 4000 ÷ 10.
3	5	2	**4**	9	4 का स्थान मूल्य 40 है 400 ÷ 10
2	3	5	9	**4**	4 का स्थान मूल्य 4 है। = 40 ÷ 10.

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इस तरह एक अंक जैसे जैसे बायीं ओर से दायी ओर एक स्थान से चलता है तो (बढ़ता है तो) अंक का स्थान मूल्य 10 गुना कम हो जाता है।

4 का स्थान मूल्य जब इकाई स्थान से बायीं ओर से दायीं ओर और भी बढ़ता है तो तब उसके स्थान मूल्य क्या होता है।

वह $4 \div 10 = \frac{4}{10}$ जिसे 4 बटा दस जैसे पढ़ा जाता है। इस प्रकार 4 का स्थान मूल्य **एक बटा** दस बनता है।

∴ जब अंक इकाई स्थान से बायीं ओर से दायीं ओर चलने लगता है तो अंक का स्थान मूल्य एक बटा दस बनता है।

उसी तरह जब अंक 2 स्थानों से बायीं ओर से दायीं ओर बढ़ता है तो अंक का स्थान मूल्य एक बटा सौ बनता है।

इसलिए एक अंक का स्थान मूल्य एक बटा दस, एक बटा सौ बनता है.....

इनको ऐसे लिखा जा सकता है कि $\frac{1}{10}, \frac{1}{100}$ .....

